
# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026


# भारतीय टीम मे बंदलाव पर सूर्यकुमार यादव ने तोड़ी चुप्पी, वायरल बयान पर दी सफाई ; टीम इंडिया को दिया पूरा समर्थन

Sanket Morankar Published on 07 Jul 2026




भारतीय टी20 टीम में हाल ही में हुए बदलावों के बीच पूर्व टी20 कप्तान **सूर्यकुमार यादव** ने सोशल मीडिया पर एक महत्वपूर्ण पोस्ट साझा कर अपने नाम से वायरल किए जा रहे कथित बयान पर सफाई दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे कई दावे पूरी तरह भ्रामक हैं और उनका उनसे कोई संबंध नहीं है।

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टी20 सीरीज के दौरान टीम इंडिया नए नेतृत्व और कई नए खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतर रही है। हाल के दिनों में भारतीय टीम के प्रदर्शन और चयन को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। इसी बीच सोशल मीडिया पर सूर्यकुमार यादव के नाम से कुछ कथित बयान वायरल हुए, जिनमें टीम चयन और खिलाड़ियों के आने-जाने को लेकर टिप्पणियां बताई जा रही थीं।

इन दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और न ही किसी को इसे उनके नाम से प्रसारित करने की अनुमति दी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट जानकारी पर भरोसा न करें और उसे साझा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें।

सूर्यकुमार यादव ने अपनी पोस्ट में भारतीय टीम के प्रति पूरा समर्थन भी जताया। उन्होंने लिखा कि, **"मै टीम इंडिया के लिए बेहद खुश हूं और हमेशा उन्हे शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पता है कि टीम का हर खिलाड़ी अपना 100 प्रतिशत दे रहा है और उन्हे मेरा पूरा समर्थन हमेशा रहेगा। भारतीय क्रिकेट, मेरे साथी खिलाड़ी और इस खेल के प्रति मेरा सम्मान और समर्थन हमेशा बना रहेगा।"**

उन्होंने यह भी कहा कि उनके काम और व्यवहार को किसी भी झूठे या भ्रामक बयान से नहीं आंका जाना चाहिए। उनके अनुसार, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचना और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना ही सही तरीका है।

इस दौरान सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज **वैभव सूर्यवंशी** का भी उत्साहवर्धन किया। उन्होंने लिखा, "**वैभव, तुम एक शानदार सफर की शुरुआत कर रहे हो। हर पल का आनंद लो और अपने प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करते रहो।**"

सूर्यकुमार यादव की इस सकारात्मक और संतुलित प्रतिक्रिया को क्रिकेट प्रशंसकों ने काफी सराहा है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फैंस ने उनके समर्थन में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक सच्चा खिलाड़ी वही होता है, जो टीम से बाहर रहने के बावजूद अपने साथियों का मनोबल बढ़ाता है।

फिलहाल भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश कर रही है। ऐसे समय में सूर्यकुमार यादव का यह संदेश टीम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और खेल भावना का एक सकारात्मक उदाहरण माना जा रहा है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.